Time : 1½ Hours **FIRST-TERM** **HINDI LANG. II**

Subject Code

| H | 4 | 4 | 2 | 4 |
|---|---|---|---|---|

**Total No. of Questions : 40 (Printed Pages : 12) Maximum Marks : 40**

***सूचनाएँ :*** (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के लिए **एक** अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्पों (MCQ) में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

अब तो मैं यह मानता हूँ कि भारतवर्ष की उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में मातृभाषा के अतिरिक्त राष्ट्रभाषा हिंदी, संस्कृत, फारसी, अरबी और अंग्रेजी का स्थान होना चाहिए। भाषाओं की संख्या से किसी को डरना नहीं चाहिए। भाषा पद्धतिपूर्वक सिखाई जाए। और सब विषयों को अंग्रेजी के माध्यम से सीखने-सोचने का बोझ हम पर न हो, तो भाषाएँ सीखना न सिर्फ बोझ रूप न होगा, बल्कि उसमें बहुत ही आनंद आएगा। असल में तो हिन्दी, गुजराती, संस्कृत एक भाषा मानी जा सकती है। इसी तरह फारसी और अरबी एक मानी जाए। यद्यपि फारसी संस्कृत से मिलती-जुलती है और अरबी का हिब्रू से मेल है, फिर भी दोनों का विकास इस लाभ के प्रकट होने के बाद हुआ है, इसलिए दोनों के बीच निकट का संबंध है।

1. मातृभाषा के अतिरिक्त किन भाषाओं का उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में स्थान होना चाहिए ?

(A) राष्ट्रभाषा हिन्दी, संस्कृत, फारसी, अरबी और अंग्रेजी

(B) राष्ट्रभाषा हिन्दी, कन्नड, मराठी, अंग्रेजी

(C) राष्ट्रभाषा हिन्दी, गुजराती, पंजाबी, मराठी

(D) राष्ट्रभाषा हिन्दी, भोजपुरी, कोंकणी, अंग्रेजी

2. लेखक के अनुसार अरबी भाषा का मेल किस भाषा से है ?

(A) अरबी भाषा का मेल हिन्दी से है

(B) अरबी भाषा का मेल संस्कृत से है

(C) अरबी भाषा का मेल अंग्रेजी से है

(D) अरबी भाषा का मेल हिब्रू से है

3. उक्त पठित गद्यांश—

(A) सदाचार का तावीज इस पाठ से संबंधित है

(B) नमक का दारोगा इस पाठ से संबंधित है

(C) मेरा जन्म और बचपन इस पाठ से संबंधित है

(D) प्रायश्चित इस पाठ से संबंधित है

4. "धन बल से आत्मबल श्रेष्ठ होता है।" यह कथन किस पाठ से लिया गया है ?

(A) नमक का दारोगा

(B) बहू की विदा

(C) प्रायश्चित

(D) सदाचार का तावीज

5. "हम ब्राह्मणों पर तो आपकी कृपादृष्टि रहनी चाहिए।" इस विधान के वक्ता हैं—

(A) मुंशी वंशीधर

(B) बदलू सिंह

(C) पंडित अलोपीदीन

(D) वृद्ध मुंशीजी

6. महरी हांफती हुई कमरे में क्यों आई थी ?

(A) कबरी बिल्ली मर गई थी

(B) कबरी बिल्ली उठकर भाग गई थी

(C) कबरी बिल्ली दूध पी रही थी

(D) उपर्युक्त में से कोई सही नहीं

7. पंडित परमसुख के अनुसार अब कलियुग आने से किसका नाश हो गया है ?

(A) धर्म का नाश नहीं हो गया है

(B) कर्म का नाश नहीं हो गया है

(C) धर्म-कर्म का नाश हो गया है

(D) अधर्म का नाश हो गया है

8. ''अब तो जो नाच नचाओगे, नाचना ही पड़ेगा।'' उक्त विधान किसके लिए कहा है ?

(A) पंडित परमसुख के लिए

(B) महरी के लिए

(C) मिसरानी के लिए

(D) किसनू की माँ के लिए

9. हरिशंकर परसाई के किस निबंध संग्रह को साहित्य-अकादमी का पुरस्कार प्रदान किया है ?

(A) विकलांग श्रद्धा और अंध श्रद्धा का दौर

(B) विकलांग श्रद्धा का दौर

(C) विकलांग भ्रष्टाचार का दौर

(D) विकलांग साहित्य का दौर

10. सिंहासन में भ्रष्टाचार होने की बात सुनकर कौन उछलकर दूर खड़े हो गए ?

(A) विशेषज्ञ

(B) साधु

(C) राजा साहब

(D) दरबारी

11. तावीज में से कौनसे स्वर निकल रहे थे ?

(A) अरे! आज बीस है। ''आज तो ले लो।''

(B) अरे! आज सत्ताईस है। ''आज तो ले लो।''

(C) अरे! आज तीस है। ''आज तो ले लो।''

(D) अरे! आज इकत्तीस है। ''आज तो ले लो।''

12. प्रमोद कमला को लेने क्यों आया था ?

(A) रक्षाबंधन का त्योहार मनाने

(B) पहला सावन अपनी सखी-सहेलियों के साथ मनाने

(C) नागपंचमी का त्योहार मनाने

(D) गोकुलाष्टमी का त्योहार मनाने

13. जीवनलाल बहू की विदा कराने के लिए क्यों तैयार नहीं थे ?

(A) दहेज पूरा न देने के कारण

(B) गाड़ी न देने के कारण

(C) महल न देने के कारण

(D) दुकान न देने के कारण

14. "आज के युग में पैसा ही नाक और मूँछ है।" उक्त विधान के वक्ता हैं–

(A) जीवनलाल

(B) राजेश्वरी

(C) प्रमोद

(D) कमला

15. "बकरी पाती खात है, तिनकी काढ़ी खाल।

जो नर बकरी खात है, तिनका क्या हवाल।"

उक्त दोहे में किसकी खाल निकालने की बात कही है ?

(A) बकरी की

(B) बिल्ली की

(C) कुत्ते की

(D) घोड़े की

16. संत कबीरदासजी के गुरु का नाम था–

(A) स्वामी कृष्णानंद

(B) स्वामी रामानंद

(C) स्वामी दयानंद

(D) स्वामी सदानंद

17. विभीषण की अधीरता को देखकर श्री राम किस रथ का वर्णन करते हैं ?

(A) अजय रथ का

(B) सफल रथ का

(C) विजय रथ का

(D) विफल रथ का

18. 'रथवर्णन' कविता में रथ के पहिए किसके प्रतीक हैं ?

(A) शौर्य और बल

(B) शौर्य और धैर्य

(C) दृढ़ और समता

(D) धैर्य और ताकद्

19. 'रथवर्णन कविता में अमल, अचल मन किसके समान है ?

(A) तीर के समान

(B) तलवार के समान

(C) ढाल के समान

(D) त्रोन के समान

20. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' जी का जन्म–

(A) इलाहाबाद जिले में हुआ

(B) मुंगेर जिले में हुआ

(C) मेदिनीपुर जिले में हुआ

(D) उन्नाव जिले में हुआ

21. गर्मी के कारण कौन रुई की तरह जलती हुई नज़र आ रही थी ?

(A) प्रकृति

(B) हवा

(C) पानी

(D) भूमि

22. 'मेरा बचपन' कविता में एक माँ अपने बीते बचपन के चिंतारहित–

(A) जीविका को याद करती है

(B) जीवन को याद करती है

(C) जिंदगी को याद करती है

(D) दुनिया को याद करती है

23. बेटी की धुली हुई मुस्कान देखकर–

(A) सबके चेहरे मचल उठे

(B) सबके चेहरे दमक उठे

(C) सबके चेहरे चमक उठे

(D) सबके चेहरे व्याकुल हो उठे

24. कवयित्री 'सुभद्राकुमारी चौहान' जी को नवजीवन कब आता है ?

(A) 'माँ ओ' बुलाने से

(B) 'माँ काओ' कहने से

(C) बेटी, मिट्टी खाकर आने से

(D) बेटी की मंजुल मूर्ति देखने से

25. 'वीर कर्ण' कविता के कवि का नाम है–

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(C) गोस्वामी तुलसीदास

(D) श्रीमती सुभद्राकुमारी चौहान

26. 'रे सूतपुत्र' कहकर कौन कर्ण की अवहेलना करता है ?

(A) पार्थ

(B) शल्य

(C) कर्ण

(D) भीम

27. निम्नलिखित शब्दों में भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प है–

(A) गंभीर

(B) बुरा

(C) मनुष्यता

(D) वकील

28. निम्नलिखित शब्दों में भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है–

(A) धुँधलापन

(B) योग्यता

(C) सफाई

(D) दरबारी

29. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण का सही विकल्प है—

(A) पशु – पशुता

(B) माँ – मातृत्व

(C) लड़ना – लड़ाकू

(D) भला – भलाई

30. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द का सही विकल्प नहीं है—

(A) इच्छा – ऐच्छिक

(B) घर – घरेलू

(C) घाव – घायल

(D) सभ्य – सभ्यता

31. निम्नलिखित विकल्पों में विरुद्धार्थी शब्द का सही विकल्प है—

(A) ज्ञान × विज्ञान

(B) सज्जन × दुर्जन

(C) सादा × सादगी

(D) समाधान × समाधानी

32. निम्नलिखित विकल्पों में विरुद्धार्थी शब्द का सही विकल्प नहीं है—

(A) शकुन × अपशकुन

(B) सदाचार × दुराचार

(C) याद × यादगार

(D) सबल × दुर्बल

33. ‘ख़लल डालना’ मुहावरे का अर्थ है–

(A) बदलाव लाना

(B) विघ्न पैदा करना

(C) दुविधा में पड़ना

(D) उपयोग में लाना

34. अधोरेखित मुहावरे के लिए उचित विकल्प चुनिए।

वृद्ध मुंशीजी को सुख-संवाद मिला तो फूले न समाये।

(A) बहुत खुश होना

(B) बहुत दुखी होना

(C) बूढ़ा होना

(D) बहुत लाभ होना

35. घर की दुर्दशा देख रहे हो ? वाक्य में कौनसा कारक है ?

(A) संबंधकारक

(B) कर्ताकारक

(C) कर्मकारक

(D) करणकारक

36. निम्नलिखित किस वाक्य में अधिकरण कारक चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(A) दुनिया में एक तुम ही नाक वाले हो

(B) दरबार में हलचल मच गई

(C) कबरी बिल्ली को मौका मिला

(D) भविष्य में उसे होशियार रहना चाहिए

37. निम्नलिखित में से किस विकल्प में परस्पर समानार्थी शब्द है ?

(A) अंदर – बाहर

(B) मतलब – मतलबी

(C) विराट – बहुत बड़ा

(D) बलिदान – त्यागरहित

38. निम्नलिखित में से किस विकल्प में परस्पर समानार्थी शब्द नहीं है ?

(A) तरकीब – शैली

(B) छक्के – पंजे – दाँव – पेंच

(C) सूत्रपात – कार्य का आरंभ

(D) शुभ – अशुभ

39. निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(A) उदारता

(B) ऊँचाई

(C) उपहार

(D) उड़ना

40. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'परा' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(A) पराभूत

(B) परिणाम

(C) पराजय

(D) पराभव